दिनांक 15 अगस्त, 2023

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 09:15 बजे ध्वजारोहण प्राणि उद्यान की निदेशिका श्रीमती अदिति शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राणि उद्यान के उप निदेशक डा0 उत्कर्ष शुक्ला के साथ–साथ प्राणि उद्यान के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्राणि उद्यान की निदेशिका श्रीमती अदिति शर्मा ने उपस्थिति अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। यदि हम अपना कार्य ईमानदारी एवं कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ करते हैं तो यह देश को अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने आवाह्न किया कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने हेतु और अधिक मेहनत से कार्य करना होगा, जिससे हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में आ सके, इस हेतु उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ भी दिलायी।

निदेशक प्राणि उद्यान के मार्गदर्शन में प्राणि उद्यान परिसर में तिरंगा रैली निकाली गयी। इस तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में प्राणि उद्यान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ